## परिचय सम्मेलन आज

**वैर।** मां सावित्री बाई फुले सैनी समाज उत्थान व सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के तत्वाधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का पहला परिचय सम्मेलन आज रविवार को सैनी धर्मशाला में होगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष यादराम सैनी व सचिव प्रकाश सैनी ने बताया कि फुलेरा दौज पर सैनी समाज का पंचम विवाह सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।जिसका पहला परिचय सम्मेलन आज रविवार को सैनी धर्मशाला पर 9 बजे से 2 बजे तक होगा।द्वितीय परिचय सम्मेलन 6 फ़रवरी को होगा।

## गाइड लाइन पालना की समझाईश की

**सवाई माधोपुर।** कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शनिवार को उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा सहित टीम ने रणथंभौर गणेश दुर्ग पहुंचकर यहां आने वाले श्रद्धालुओं को गाइड लाइन की पालना करने के लिए समझाईश की। गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों के चालान भी काटे गए। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी लोगों को समझाईश करने के साथ ही उल्लंघन पर चालान काटने की कार्रवाई की गई।

# जुआ खेलते हुये 6 जने दबोचे

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। सदर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगह से ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेलते हुए 6 जनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8110 की नकदी भी बरामद कर लिये है।

सदर थाना अधिकारी कृपाल सिंह ने जानकारी देते बताया कि पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इन्दौलिया के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए किशोरीलाल आरपीएस सीओ वृत हिण्डौन सिटी के सुपरविजन में टीम गठित की गई। विशेष टीम में एएसआई जगदीशसिंह, कोनिस्टबल लक्ष्यपाल, दयाल कानि, वीरेन्द्र, कुमेर को शमिल किया गया।

पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सिकरौदा से अम्बेडकर मूर्ति के पास से आरोपी धर्मेन्द्र पुत्र धनफूल जाति जाटव उम्र 28 साल, सुनील पुत्र जगमोहनल उम्र 34 साल जाति जाटव व रामचरण पुत्र जीताराम उम्र 53 साल जाति जाटव निवासी सिकरौदा थाना सदर हिण्डौन को सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों पर हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफतार किया गया। पुलिस मुलजिम के कब्जे से जुआ उपकरण 52 ताश के पत्ते व जुआ राशि



**हिण्डौन सिटी ( का.सं. )। सदर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगह से ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेलते हुए 6 जनों को गिरफ्तार किया।**

4110 जप्त किये गये। इसी तरह अटल सेवा केन्द्र जाटव बस्ती सिकरौदा के पास से मुलजिमान किशनलाल पुत्र मोहनलाल उम्र 55 साल जाति जाटव निवासी सिकरौद थाना सदर हिण्डौन, अशेक पुत्र केशवलाल जाति जाटव उम्र 46 साल निवासी सिकरौदा थाना सदर हिण्डौन, शेरसिंह पुत्र हरी जाति जाटव उम्र 37 साल निवासी सिकरौदा थाना सदर हिण्डौन को रूपये पैसो पर हार जीत का दांव लगाकर जुआँ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। मुलजिमान के कब्जे से 52 पत्ते ताश व 4100 रुपये जप्त किये गये।

## एम्पलोई आईडी बनवाने की मांग

**वैर।** नगरपालिका में कार्यरत स्थाई एवं अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने एम्पलोई आईडी बनवाने के लिए स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री शांति धारीवाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में यह उल्लेख किया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित जनस्वास्थ्य के लिए पांच लाख रुपए तक की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्य सरकार प्रदेश के सभी वर्गों को चिरंजी योजना में लाभान्वित करने के लिए रजिस्ट्रेशन कर रही है इसके लिए सफाई कर्मचारियों की एम्पलाय आईडी की अत्यंत आवश्यकता है क्योंकि बिना एम्पलाय आईडी के कम्प्यूटर सिस्टम स्वीकार नहीं कर रहा है। वाल्मीकि समाज सदियों से अति दुर्बल और पिछड़ा हुआ है जो कि ये लोग अपनी जान जोखिम डाल कर शहर ,कस्वो में गहरे गन्दे नालों की सफाई कर मानव समाज को स्वच्छता प्रदान करते हैं। जिससे हम ही नहीं अपितु देश स्वच्छ और स्वस्थ निरोग रहता है। वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों ने कोविड काल में भी अपनी अहम भूमिका अदा की। जहां अपनों ने साथ नहीं दिया वहां कोराना काल में नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपने जीवन की परवाह किए बगैर अपने कर्तव्य का पालन करते हुए साथ दिया।

## सार-समाचार

### अवैध देशी शराब के 72 पव्वा जब्त

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। सदर थाना पुलिस ने शनिवार को समीप के गांव सिकरौदा के पास से एक जने को अवैध देशी शराब के 72 पव्वों सहित गिरफ्तार करलिया है। सदर थानाधिकारी कृताल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि दौराने गस्त मुखबिर की सूचना पर नरसिंह भगवान मंदिर के पास आम रोड छारों का पुरा के पास से मुलजिम अशोक पुत्र नथुआ जाति मीना उम्र 27 साल निवासी गांवा मीना सदर हिण्डौन को अवैध देशी शराब ढोला मारू सहित गिरफतार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 72 पव्वा अवैध देशी ढोला मारू के जप्त किये गये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साईज एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है और अनुसंधान जारी है।

### प्रवेश के लिये दस्तावेज जमा कराए

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध हिन्दी में प्रविष्ट हुए विद्याथिर्यों की कटऑफ जारी कर दी गई है। विद्यार्थियों को प्रवेश के लिये अपने दस्तावेज जमा कराने के निर्देश दिए है। प्राचार्य की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जो विद्यार्थी जारी कटऑफ के दायरे में आते है वे अपने प्रवेश फार्म की हार्ड कॉफी के साथ बधाई पत्र, वैरीफीकेशन फॉर्म एवं मूल टी.सी., सी.सी. तथा जाति प्रमाण पत्र, दसवी व बारहवीं तथा बी.ए. की अंक तालिकाएं, आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियों आवश्यक रूप से निर्धारित बारह जनवरी तक सत्यापन करवाकर 13 जनवरी तक ई-मित्र पर फीस जमा करवाएँ।

### रजाईयों का वितरण किया

**भरतपुर,** (निसं)। अलायंस क्लब्स इन्टरनेशनल प्रान्त 120 एन भरतपुर के द्वारा सत्यदेव आर्य के निर्देशन में विभिन्न स्थानों पर जाकर सर्दी से पीडित व्यक्तियों की जांच कर रजाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा संस्थापक प्रान्तपाल ने अवगत कराया कि लक्ष्मी नारायण गुप्ता उप प्रान्तपाल के सौजन्य से 21 रजाईयों का वितरण सर्दी से बचाव हेतु आवश्यकता वाले परिवारों को किया जा रहा है।

## फसल खराबे से आहत किसान आकाशीय टंकी पर चढ़

**जनूथर** (निसं)। कस्बा जनूथर सहित आसपास के दर्जनों गाँवों में शनिवार को प्रकृति ने जमकर कोप ढहाया जहाँ अलसुबह से ठीक पूर्व 4.30 बजे क्षेत्र में जमकर ओलावृष्टि हुई।कहीं कहीं नीबू तो कहीं कहीं बेर के आकार के ओले गिरे जिससे जमीं पर ओलों की चादर बिछ गई।

ओलावृष्टि का ये दौर 10-15 मिनट तक चला जिससे फसलें चौपट हो गई।ओलावृष्टि से क्षेत्र में बहुतायत मात्रा में बोई जाने वाली रबी की नाजुक फसल सरसों को काफी नुकसान हुआ है।

फसल में हुए नुकसान के मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर नाहरौली शीशवाडा मवई मौरौली आंखोली सिनसिनी श्यौरावली गारौली के दर्जनों किसानों ने उपतहसील कार्यालय के समक्ष पडाव डाल दिया।वहीं फसल खराबे से आहत कुछ किसान आकाशीय टंकी पर चढ गये।दोपहर बाद किसानों के दर्द को साझा करने नगर विधायक वाजिब अली पडाव स्थल पहुंचे जहाँ टंकी पर चढे किसानों को नीचे उतरने का आग्रह किया।विधायक ने फसल खराबे का शीघ्र सर्वे करा मुआवजा दिलाये जाने की बात कही।विधायक द्वारा मदद के ठोस आश्वासन के बाद किसान टंकी से उतरे।वहीं विधायक ने क्षेत्र में खेतों पर पैदल कूच कर फसल खराबे का जायजा भी लिया जहाँ फसलों में 90 से 95 प्रतिशत तक नुकसान होने की बात स्वीकारते हुए सरकार द्वारा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सतीश बंसल ने संकट की इस विकट घडी में किसानों का पूर्ण कर्जा माफ किये जाने को लेकर गिरदावर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

## शपथ ग्रहण समारोह रविवार को

**सवाई माधोपुर।** अखिल भारतवर्षीय श्री महर्षि गौतम शैक्षिणक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट में नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ठाहण समारोह रविवार को खंडार में आयोजित होगा। ट्रस्ट के संभाग उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा पत्रकार व जिला महामंत्री शिवराज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट में कुछ समय पूर्व निम्न पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

जिनके पद के शपथ ठाहण समारोह आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल की पालना के साथ प्रातः 10 बजे दीप प्रज्ज्वलित कर किया जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व वित्त राज्य मंत्री हरिमोहन शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि महासभा प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, शैक्षिणक ट्रस्ट प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल रणेजा, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय परामर्श समिति सदस्य जवाहर उपाध्याय, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पं ताराचंद शास्त्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंजबिहारी गौतम होंगे।

## कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग का अंतिम संस्कार

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। समीप के गांव लहचौडा निवासी एक वृद्ध ने जयपुर के नारायण हॉस्पिटल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जिसकी कोरोना की पॉजिटिव रिपोर्ट आई थी। मृतक का गांव लहचौडा में गाइडलाइन की पालना करते हुए पीपीई किट पहनकर अंतिम संस्कार किया गया। इधर चिकित्सा विभाग की टीम ने एहतियात के तौर पर 31 लोागें के सैम्पल भी ले लिये है और उन्हें होम क्वारिंटइ्रईन भी कर दिया है।

ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक चौधरी ने बताया कि समीप के गांव लहचौडा निवासी एक वृद्व गत कई दिनों से जयपुर में अपने बेटे के पास रह रहा था। बताया जा रहा है कि उसकी लम्बे समय से तबीयत भी खराब चल रही थी। जिसका जयपुर में ईला भी चल रहा था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार गत 2 जनवरी को उसकी फिर से तबीयत बिगड गई जिसे परिजनों ने उपचार के लिए जयपुर के नारायणा अस्पताल में भीर्ती कराया जहा गत दिनों उसकी कोराटइ्र की पॉजिटिव रिपोर्ट आ गई। इसी दौरान गत दिवस शुक्रवार को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने कोरोना की गाइडलान की पालना करते हुए पीपीई किट पहनकर उसका अंतिम संस्कार किया। इस मामले के सूचना जयुपर से मिलने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वासथ्य अधिकारी ने ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डां. चौधरी को आवश्यक निर्देश दिये जिसके बाद डां. चौधर पूरी टीम के साथ वहां पंहुचे। डां. चौधरी व उनकी टीम ने मृतक के संपर्क में आए हिण्डौन निवासी 19 लोगों और लहचौडा निवासी 12 लोगों सहित 31 लोगों के कोरोना जांच के लिए सैंपल लिए और सभी लोगों को होम क्वारैंटाइन किया है। डॉ. दीपक चौधरी ने बताया कि हिण्डौन में 2022 का पहला कोरोना पॉजिटिव केस था। मृतक ने दोनों वैक्सीन लगवा ली थी। सम्पर्क में आये सभी 31 जनों को भी वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी है।

## विद्यार्थियों को वितरित किये चरण पादुका और मौजे

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। लायंस क्लब हिंडौन सेन्ट्रल द्वारा आज जयपुर अस्पताल जयपुर के सहयोग से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नई मंडी हिंडौन सिटी में सभी 207 विद्यार्थियों को चरण पादुकाओं एवं मोजों का वितरण किया गया।

क्लब अध्यक्ष लायन ओपी मंगल ने बताया कि जयपुर अस्पताल के डा.राधेश्याम गुप्ता एवं डा.श्रीमति विजय गुप्ता के आर्थिक सहयोग से यह सेवा कार्य सम्पन्न किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत 3233 ई1 के प्रांतपाल एमजेएफ लायन सुनील गोयल ने विद्याथिर्यों को संदेश दिया कि आप पढ लिखकर अपने परिवार का नाम रोशन करते हुये जरूरत मंदों की सेवा जरूर करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी कैलाश मीना ने कहा कि विद्या ही सबसे बडी पूंजी है।

## शिविर में आ रही समस्याओं को लेकर हुई कार्यशाला

**करौली** (निं.स) नगर परिषद करौली द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नगर परिषद के आयुक्त नरसी लाल मीणा ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के मद्देनजर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशासन शहरों के संग अभियान के संबंध में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा एवं शंका समाधान पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में संयुक्त शासन सचिव द्वितीय नगरीय विकास विभाग नवनीत कुमार, एनसीआर के मुख्य नगर नियोजक ओपी पारीक,उप निदेशक क्षेत्रीय भरतपुर गुंजन सोनी,उप नगर नियोजक नगरीय विकास विभाग नितिन नेहरा,प्रेक्षक माता राम रिणवा एवं नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में करौली की चारों नगर निकाय करौली, हिण्डौन सिटी,टोडाभीम,सपोटरा के आयुक्त,सभापति,अध्यक्ष एवं कार्मिक उपस्थित हुए कार्यशाला में सभी ने प्रशासन शहरों के संग अभियान की प्रगति का पीपीटी प्रस्तुत किया गया। नगर परिषद करौली आयुक्त द्वारा बताया कि 62 कॉलोनियों के लेआउट प्लान तैयार कराए जा रहे हैं जिनमें 4862 भूखंड हैं वर्तमान में नगर परिषद के 24 लेआउट प्लान अनुमोदित हैं। जिनमें 1140 भूखंड हैं जिनमें से 557 भूखंड के पट्टे दिए जाना शेष है उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा 349 पट्टे कृषि भूमि के एवं 226 पट्टे 69 ए के जारी किए गए हैं तथा 11 निर्माण स्वीकृतिया,34 भवन नामांतरण,7 उप विभाजन के प्रकरणों का निस्तारण किया गया है जिसके अंतर्गत 140.11 लाख राजस्व अर्जित की गई। परिषद के सहायक अभियंता रविंद्र मीणा,एटीपी नरेश बैंसला एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। इसके अलावा हिण्डौन,टोडाभीम और सपोटरा के आयुक्त ने अभियान से संबंधित अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## 69 व्यक्ति मिले सक्रमित, जनप्रतिनिधियों पर भी लोगों ने साधा निशाना

**बामनवास।** सवाई माधोपुर जिले के विभिन्न उपखंड क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही कोरोना संक्रमितो की संख्या जिले के लिए चिंता का विषय बन रही है। वहीं जिले में लगातार बढ़ रही कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या को संक्रमण काल की रिपोर्ट कहे या फिर लापरवाही का विस्फोट।

अगर पिछले 3 दिनों से आ रहे संक्रमित व्यक्तियों की बात की जाए तो संक्रमित व्यक्तियों के पाई जाने वाली संख्या में गुणोत्तर बढ़ोतरी देखी जा रही है.. शनिवार को बामनवास उपखंड सहित जिले के विभिन्न उपखंडों में करीब 69 संक्रमित पाए गए हैं.. अकेले बामनवास में एक दर्जन से भी ज्यादा संक्रमित व्यक्तियों की संख्या पाई गई है.. अगर सवाई माधोपुर जिले में प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा संक्रमण रोकथाम को लेकर गाइडलाइन की पालना पर नजर मिलाई जाए तो सबसे ज्यादा जनता द्वारा चुने जनप्रतिनिधि द्वारा सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का उल्लंघन करना भी सामने आ रहा है।

# हमले के 3 आरोपी गिरफ्तार


**बयाना।** बयाना वृत के थाना उच्चैन पुलिस ने प्राणघातक हमले के एक मामले में वांछित तीन जनों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है।

पुलिस अनुसंधान अधिकारी रणवीरसिंह ने बताया कि गिरफतार आरोपी थाना क्षेत्र के गांव सैदपुरा

- **पत्नी को जान से मारने का मुकदमा दर्ज कराया था**

निवासी कुमरपाल कुशवाह व उसके पुत्र जीतेन्द्र एवं किशनगोपाल कुशवाह है।

जिनके विरूद्ध दो माह पूर्व इन्हीं के गांव के परसराम कुशवाह की ओर से उसकी पत्नी को जान से मारने की नीयत से उसे ट्रैक्टर से कुचल देने का मामला दर्ज कराया था। जिसमें यह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी।
पुलिस ने इस मामले में ट्रैक्टर को पूर्व में ही जब्त कर लिया था।



**हमले के एक मामले में वांछित तीन जनों को गिरफ्तार किया।**

## बयाना में बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टि

**बयाना।** बयाना कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी शनिवार को सुबह सवेरे झमाझम बारिश के साथ हलकी ओलावृष्टि भी हुई। ओलावृष्टि में चना मटर के आकार के बराबर के ओलों की एक बौछार आई उसके बाद ओलावृश्टि थम गई।

ओलावृष्टि व बारिश से किसानों में कहीं खुशी व कहीं गम का माहौल है। बारिश को गेहूं, जौ, चना, मटर की फसल के लिए लाभदायक बताया जा रहा है तो सरसों की फसल के लिए नुकसान होने की आशंका व्यक्त की है। वहीं मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट व ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त किए जाने से किसानों में चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि अगर ओलावृष्टि हुई तो उनकी सारी महनत व अरमानों पर पानी फिर जाएगा।अर्द्धरात्रि दो बजे बाद शुरू हुई। कभी रिमझिम तो कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी के रूप में रूक रूक कर हुई बरसात का दौर सुबह 8 बजे बाद तक जारी रहा।

## हिण्डौन में व्यापारियों ने शहर में बढ़ते अपराधों पर चिन्ता जताई

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। किराना संघ के तीन सेक्टरों के सभी सदस्यों की काका पैलेस में आवश्यक मीटिंग हुई। जिसमें किराना संघ के स्टेशन रोड़, बजरिया, वर्धमान नगर, बाइपास चौराहा, मण्डी, जेन मंदिर रोड़, टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे, हॉस्पीटल रोड़ पर व्यापार करने वाले सभी व्यापारियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की वही बढते अपराधों पर चिन्ता जताई।

इस कार्यक्रम की शुरुआत में किराना संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल ने कोरोना के नए स्वरूप ओमीक्रान के बढ़ते मरीजों पर चिन्ता व्यक्त की। सरकारी एडवाइजरी का पालन करते हुए सभी व्यापारियों से सावधान रहने का आग्रह किया। आज के कार्यक्रम में तीन सेक्टरों के सेक्टर प्रभारीयों का चुनाव हुआ। सर्वसम्मति से बाईपास चौराहे क्षेत्र के लिए मुकेश जेन, वर्धमान नगर क्षेत्र के लिए भुवनेश, स्टेशन रोड़ एवम् बजरिया के लिए दीपक फतेहपुर और गोबिन्द, नई मण्डी व जेन मन्दिर एरिया के लिए विनोद चुरारी और नरेन्द्र श्री जी स्टोर को चुना गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ किराना व्यापारी टीकम पंसारी एवम किराना अध्यक्ष अनिल गोयल का माला एवम् साफा पहनाकर स्वागत किया गया। किराना संघ अध्यक्ष अनिल गोयल ने संगठन की एकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र हिण्डौन सिटी में आज व्यापारियों के जान- माल को खतरा पैदा हो गया है आए दिन हो रही चोरीयों, लूट, सरेराह होती रॉबरी से व्यापारियों में भय व्याप्त है। तगादों से लौटते व्यापारियों के साथ लूटपाट आम बात हो गई है। प्रशासन मूक बधिर की तरह काम कय रहा है। यदि ऐसे ही हालात रहे तो एक दिन यहां से अनेक व्यापारी पलायन करने के लिए मजबूर हो जाऐंगे। अपनी सावधानी अपने ही हाथ में है। बढ़ती लूटपाट से सबक लेकर उन्हें अपनी ओर से यथायोग्य सावधानी रखनी होगी। आप सभी से अनुरोध है कि दिन के उजाले में अपना व्यापार करें, समूह के रूप मे घर जाऐं, आते-आते समय अपरिचित को लिफ्ट ना दें। अंजान और संदिग्ध लोगों के रोकने पर चौकन्ने रहें। किसी भी अप्रिय स्थिति में अपने संगठन के अधिकारीयों को सूचित करें,उन्हों ने कहा कि बड़ी से बड़ी समस्या को संगठन की शक्ति से सुलझाया जा सकता है।

## शिक्षा मित्रों द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की

**करौली** (निं.स) नेशनल स्टॉक एक्सचेंज फाउंडेशन और जतन संस्था (ज्ञानोदय परियोजना) शिक्षा विभाग करौली के संयुक्त तत्वावधान जतन जिला संस्थान में वार्षिक परियोजना समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा ) भरत लाल द्वारा मंच पर अपने विचार प्रकट करते हुए उपस्थित सभी संभागियो को नव वर्ष अवसर पर अपनी शुभकामनाये देते हुए कहा कि ज्ञानोदय परियोजना के माध्यम से गत एक वर्ष में करौली ब्लॉक के सभी विद्यालयों के साथ धरातल पर शिक्षकों और समुदाय के साथ शिक्षा मित्रों के सहयोग से सराहनीय प्रयास किये गये है।जतन संस्था द्वारा समुदाय और विद्यालयों के मध्य जिस सेतु का निर्माण किया गया है। उससे उनको पूर्ण विश्वास है की हमारे प्रयास बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिच्चित करने में सफलता के नए सौपान तय करने में सफल होगी।

## अखंड पाठ का हुआ मध्यांतर

**बयाना।** कस्बे के गुरूद्वारा परिसर में गत 22 दिसम्बर से मनाए जा रहे गुरू गोविंदसिंह प्रकाशोत्सव पखवाडे के तहत आयोजित तीन दिवसीय ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का शनिवार को मध्यांतर होने पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम व भोग एवं कडाह प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन व गुरू का दरबार सजा। ज्ञानी दयाल सिंह ने बताया कि रविवार को गुरूद्वारा में कीर्तन दरबार व गुरू का दरबार सजने के साथ ही अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे व प्रात: 11 बजे बाद गुरू के अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा।

## टेम्पू पलटा, आधा दर्जन घायल

**बयाना।** बयाना वैर रोड पर शनिवार को सवारियों से भरा टेम्पू पलटने से उसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिनमें से दो 4 बुजुर्ग महिलाओं को कस्बे के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उनका गहन उपचार किया जा रहा है। यह सभी लोग यहां के गांव सिकंदरा के बताए है। पीडित पक्ष के सुरेश जाटव के अनुसार उसके परिवार के सभी लोग षनिवार को गांव सिकंदरा से टैम्पू में सवार होकर छोंकरवाडा स्थित रिष्तेदारी में हुई।

# हमले में 4 महिलाओं सहित पांच घायल

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। समीप के गांव क्यारदा में जमीन विवाद के चलते एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठियों से हमला कर दिया। लाठियों

- **पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी**

के हमले में 4 महिलाओं सहित 5 लोग घायल हो गए। घायलों को हिंडौन के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायलों के पर्चा बयान लिए हैं और मामले की जांच करने के साथ हमलावरों की तलाश में जुट गई है।

समीप के गांव क्यारदा निवासी घायल फूलवती जाटव उम्र 60 वर्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे वह अपने घर पर खाना बना रही थी। इस दौरान बबलू जाटव, शिव सिंह, प्रवीण, कृष्णा, नवाली आदि लोग लाठियां लेकर आए और हमला कर दिया। सिर में लाठी की चोट लगने से उसके सिर से खून बहने लगा। उसे बचाने के लिए परिवार की रेखा, विमलेश, राधे और अमरपति आए तो हमलावरों ने उन पर भी लाठियों और



लात-घूंसों से हमला कर दिया। फूलवती ने बताया कि हमलावर उनके परिवार के ही हैं। शिव सिंह ने करीब 15 बिस्वा अधिक जमीन अपने पोते विरजू के नाम करा ली है। जब उसके परिवार के लोग राजस्व रिकॉर्ड में जमीन का माप सही कराने के लिए कहते हैं तो शिव सिंह के परिवार के लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। शुक्रवार शाम भी फूलवती के परिवार के लोगों ने राजस्व रिकॉर्ड में जमीन का माप सही कराने के लिए कहा था। इस बात पर शनिवार सुबह शिव सिंह के परिवार के लोग लाठियां लेकर आए और हमला कर दिया। नई मंडी थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद ने बताया कि घायलों के पर्चा बयान लिए गए हैं और मामले की जांच की जा रही है।

## 13 गोवंशों को मुक्त कराकर कैन्ट्रा व 3 कारतूस जब्त

**जुरहरा** (निसं)। थाना जुरहरा पुलिस ने 13 गौवंशों को मुक्त कराकर कैन्ट्रा गाडी सहित तीन कारतूस बरामद किए है।

एसपी देवेन्द्र कुमार विष्नोई ने बताया शनिवार तडके जरिये पुलिस कन्ट्रौल रूम भरतपुर द्वारा सूचना दी कि गांव सहसन व सोमका से होते हुये पर एक गौवंष से भरी हुई आयसर कैन्ट्रा गाडी हरियाणा की तरफ जा रही है। उक्त गाडी के पीछा क्यूआरटी-4 कर रही है। उक्त सूचना पर श्री उदयसिंह सहायक उप निरीक्षक व शिवचरन सहायक उप निरीक्षक मय जाप्ता के उक्त सूचना पर गांव सहसन व सोमका मोड पर नांकबन्दी की दौराने नाकाबंदी पुलिस को एक कैन्ट्रा नम्बर एचआर 46 डी 2602 आती हुई दिखाई दी जाप्ता द्वारा उक्त आयसर कैन्ट्रा में सवार गौतस्कर पुलिस को बावर्दी आता देख तेज गति से भागने लगे। पुलिस जाप्ता द्वारा जिनका पीछा किया तो कैन्ट्रा सवार अपने को घिरा देख पुलिस जाप्ता पर जानलेवा फायरिंग की पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ पांच राउण्ड हवाई फायर किये। गौतस्कर कैन्ट्रा को मौके पर ही छोड भाग गये।

# जिला कलेक्टर ने किया अस्पताल और वैक्सिनेशन सेन्टरों का निरीक्षण



**कलेक्टर सिद्धार्थ सिहांग ने करौली के लोकहितकारी विद्यालय में टीकारण का जायजा लिया।**

**करौली** (निं.स)। करौली के जिला अस्पताल मे बनाये गये आईसीयू वार्ड का निरीक्षण कर जिला कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारीयो को विशेष दिशा निर्देश दिये वही लोकहितकारी विद्यालय एवं सर्वोदय पब्लिक माध्यमिक विद्यालय मे पहुॅंचकर बच्चो को लगाये जा रहे टीको की जानकारी ली।

करौली जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहांग शनिवार को मण्डरायल रोड स्थित जिला अस्पताल पहुॅंचे जहॉं कोरोना संक्रमितो को भर्ती करने के लिये बनाये गये आईसीयू वार्ड का निरीक्षण कर सीएमएचओ डॉ0 दिनेश चन्द मीणा,अस्पताल के पीएमओ को विशेष दिशा निर्देश दिये इसके पश्चात जिला मुख्यालय पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 से 17 वर्ष के बच्चों के चल रहे वैक्सीनेशन अभियान में करौली के विवेक विहार कॉलोनी में स्थित सूर्योदय पब्लिक माध्यमिक विद्यालय में जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने पहुंच कर वैक्सीनेशन अभियान का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने स्कूली बच्चों से वैक्सीन के बारे में जानकारी ली एवं बच्चों के माता-पिता के वैक्सिंग लगने की जानकारी ली। इस दौरान एक स्कूली छात्र ने उसके माता पिता के वैक्सिंग नहीं लगने की जिला कलेक्टर से बात कही इस पर तुरंत जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए बताया कि बच्चों से उनके माता-पिता के वैक्सीन लगने के बारे में पूछा जाए और जिन बच्चों के माता-पिता को वैक्सीन नहीं लगी है उन्हें तुरंत वैक्सीन लगाने के निर्देश दिए।

## शिक्षाविद् ने संस्था बचाने के लिए सीएम को पत्र लिखा

**भरतपुर** (निसं)। उत्तर भारत ही नही अपितु सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्ध हिंदी साहित्य समिति वर्तमान में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। इसे बचाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद वैभव उपमन ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर समस्या समाधान की मांग की है।

उपमन ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया की भरतपुर की हिंदी साहित्य समिति उत्तर भारत ही भी अपितु सम्पूर्ण भारत में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है शहर के मध्य में होने के कारण यह आमजन की पहुंच में भी है हिंदी प्रेमियों के लिए यह समिति एक मंदिर के समान है हिंदी प्रेमियों की अगाध आस्था इसमें है, इस समिति की स्थापना 1912 में हिंदी भाषा एवं देवनागरी लिपि के उन्नयन, हिंदी साहित्य एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं विकास तथा हिंदी के प्राचीन ग्रंथो की खोजकर उन्हें संग्रहित करने तथा उन्हें सुरक्षित रखने के प्रमुख उद्देश्य से की गई।